
**पेशकश** | कंपनी ने सोशल मीडिया पर जारी किया वीडियो टीजर, बाजार में आने में दो साल का समय लगेगा

# टाटा ने इलेक्ट्रिक एसयूवी 'कर्व' से पर्दा उठाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाहन कंपनी टाटा मोटर्स बुधवार को अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी 'कर्व' से पर्दा उठा दिया। कंपनी ने कहा कि इस नई एसयूवी को बाजार में आने में दो साल का वक्त लगेगा।

मुंबई स्थित कंपनी ने कहा कि इस एसयूवी का मकसद उन उपभोक्ताओं की जरूरत को पूरा करना है, जो नए उत्पाद के साथ कुछ अलग डिजाइन और फीचर चाहते हैं। टाटा मोटर्स की योजना पहले कूप स्टाइल वाले एसयूवी के इलेक्ट्रॉनिक संस्करण को पेश करने की है और फिर इसे इंटरनल कम्बशन इंजन ट्रिम्स के साथ बाजार में उतारा जाएगा।




टाटा मोटर्स की ओर से सोशल मीडिया पर जारी की गई कर्व की तस्वीर।

टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र ने कहा कि एसयूवी खंड तेजी से विभिन्न उप-खंडों में विभाजित हो रहा है, जिसमें अलग-अलग उत्पादों की स्पष्ट मांग है। उन्होंने कहा कि कंपनी का जोर ऐसे उत्पादों की पेशकश पर है।

## फुल चार्ज में 500 किमी का सफर कराएगी

कंपनी की ओर से जारी टीजर वीडियो से पता चलता है कि कर्व में शार्प लाइन्स, फ्रंट फॉग लाइट स्ट्रक्चर और बेहतरीन हेडलाइट्स देखने को मिलेंगी। यह कार एक बार फुल चार्जिंग में 500 किलोमीटर तक की यात्रा करा सकती है।